कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर जिला – नारायणपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 07781–252655,252755 ,Email –narayanpurcollege@gmail.com

क्रमांक /1013/ स्था./ 2026 नारायणपुर दिनांक 30/01/2026

प्रति,

राज्य एन.एस.एस. अधिकारी
एवं नोडल आर.आर.सी. क्लब
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग
नया रायपुर (छ.ग.)

विषय :-. राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त क्रियान्वयन अंतर्गत रेडरिबन क्लबों में आयोजित गतविधियों की उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं व्यय पत्रक प्रेषण संबंधी

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि रेडरिबन क्लब के द्वारा वर्ष 2025-26 में विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधयों के संचालन हेतु प्राप्त आबंटित राशि 7000/- (सात हजार रू. मात्र) का महाविद्यालय के शासकीय बैंक खाता क्रमांक 11333435524 से भारतीय स्टेट बैंक शाखा नारायणपुर के द्वारा प्राप्त हुआ ।

महाविद्यालय के रेडरिबन क्लब द्वारा माह सितम्बर 2025 से जनवरी 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसके व्यय पत्रक की सॉफ्ट कॉपी nssrrcl@gmail.com पर तथा हॉर्ड कापी समायोजन हेतु आपको सादर सम्प्रेषित है।

संलग्न :-.

1. व्यय विवरण पत्रक (SOE)
2. मूल व्हाउचर |
3. प्रतिवेदन ।
4. फोटो ग्राफ।

कार्यक्रम अधिकारी
शा. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.स्वामी आत्मानंद महावि
नारायणपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शा. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय नारायणपुर

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand PG College
Narayanpur
Chhattisgarh

एड्स / एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रेड रिबन क्लब द्वारा संयुक्त आयोजित गतिविधियों का व्यय पत्रक

| | |
|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 |
| 2 | कार्यलय का नाम :- शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय , नारायणपुर |
| 3 | कार्यलय का पता एवं मोबाईल नम्बरः- कुम्हार पारा, नारायणपुर ( 07781-252655 ) |
| 4 | कार्यक्रम विवरणः- एड्स/एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत क्लब का संचालन |

| क्र. | वाउचर / रशिद क्रमांक | दिनांक | विक्रेता फर्म का नाम | क्रय / उपयोग की गई वस्तु | मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 171 | 09-05-2025 | बिन्फोटेक | फ्लेक्स | 500 |
| 2 | 315 | 09-07-2025 | R.K. General Store & Session Collection, Nanaranpur | ग्रोसरी | 695 |
| 3 | 348 | 09-10-2025 | बाबू होटल , नारायणपुर | नास्ता | 950 |
| 4 | 321 | 23/9/2025 | R.K. General Store & Session Collection, Nanaranpur | ग्रोसरी | 875 |
| 5 | 296 | 24/9/2025 | पप्पू पटेल फलवाला ,नारायणपुर | फल | 880 |
| 6 | 138 | 10-12-2025 | जैन बंधु ट्रेडर्स ,नारायणपुर | स्टेशनरी ,रंगोली | 1150 |
| 7 | 373 | 13/10/2025 | R.K. General Store & Session Collection, Nanaranpur | ग्रोसरी | 1173 |
| 8 | 51 | 12-01-2025 | साहू समोसा एवं जलेबी सेंटर ,नारायणपुर | नास्ता | 1245 |
| | | | | योगः- | 7468 |

नोडल अधिकारी रेड रिबन क्लब
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय , नारायणपुर

(कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, शास. स्वामी आत्मानंद महावि. नारायणपुर (छ.ग.))

प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय , नारायणपुर

(PRINCIPAL, Govt. Swami Atmanand P.G. College, Narayanpur Chhattisgarh)

दिनांक 30/01/2026

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार व्यय राशि रु 7468 /- अक्षरी सात हजार चार सौ अड़सठ मात्र नियमानुसार हो कर भुगतान स्वीकृत एवं समायोजन हेतु प्रस्तुत।

नोडल अधिकारी रेड रिबन क्लब
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय , नारायणपुर

(कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, शास. स्वामी आत्मानंद महावि. नारायणपुर (छ.ग.))

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय , नारायणपुर

(PRINCIPAL, Govt. Swami Atmanand P.G. College, Narayanpur Chhattisgarh)

①

केश/क्रेडिट मेमो मो. 6267690257

# बिन्फोटेक सॉल्यूसन्स

मांझीपारा नारायणपुर, जिला-नारायणपुर(छ.ग.)
(कम्प्यूटर एवं स्टेशनरी)

क्रमांक 171 दिनांक 05-09-25

नाम श्रीमान् /श्रीमती शा. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर (NSS) RRe

| विवरण | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|
| ① पलेक्स | 1 | 500 | 500/- |
| | | योग | 500/- |

Passed for Payment of Rs 500/- (रुपये पान्च सौ मात्र)

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी आत्मानंद महावि
नारायणपुर (छ.ग.)

Paid and Cancelled

PRINCIPAL
Govt. College Narayanpur

* भूल चूक लेनी देनी।

हस्ताक्षर

(2)

Cash/Credit Memo

Mob. 9406199284, 9111314126

# RK General Store & Session Collection

Sahid Chowk Kumharpara Narayanpur (C.G.)

No. 315

Date 07-09-2025

Name प्राचार्य पी. जी. कॉलेज, नारायणपुर (

Address NSS (RRC)

| Description | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|
| 1) रजिस्टर | 1 | 110 | 110/- |
| 2) टेप (बड़ा) | 1 | 50 | 50/- |
| 3) फाईल | 5 | 25 | 125/- |
| 4) A4 पेपर | 1 | 300 | 300/- |
| 5) स्टेपलर | 1 | 50 | 50/- |
| 6) गोंद | 1 | 60 | 60/- |
| | | Total | 695/- |

Passed for Payment of Rs. 695/- (रुपये छः सौ पन्चानबे मात्र)

PRINCIPAL
Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नारायणपुर (छ.ग.)

In words ..........

Paid and Cancelled

PRINCIPAL
... College Narayanpur

Signature

केश / क्रेडिट मेमो मो. 9406069506

# बाबु होटल

बस स्टैंड नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

③

क्रं. 348 दिनांक 10-09-25

नाम प्राचार्य शा. स्वामी P.G कॉलेज नारायणपुर

पता NSS (R.R.C)

| क्रं. | विवरण | मात्रा | दर | रकम |
|---|---|---|---|---|
| ① | समोसा- | 30 प्लेट | 25 | 750/- |
| ② | जलेबी | 1 kg | 200 | 200/- |
| | | | योग- | 950/- |

Passed for Payment of Rs. 950/-
(रुपये नौ सौ पचास मात्र)

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand P.G College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

Paid and Cancelled

PRINCIPAL

हस्ताक्षर

4

RK

Cash/Credit Memo

Mob. 9406199284, 9111314126

# General Store & Session Collection

Sahid Chowk Kumharpara Narayanpur (C.G.)

No. 321

Date 23-09-25

Name प्राचार्य शा. स्वामी आत्मानंद स्ना. महा. नारायणपुर (NSS) RRC

Address

| Description | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|
| 1) ग्लूकोज | 1 पै. | 250 | 250/- |
| 2) कुर्ती | 25 पै. | 25 | 625/- |
| | | Total | 875/- |

Passed for Payment of Rs. 875/- (रुपये आठ सौ पचहत्तर मात्र)

PRINCIPAL
S.M. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
... स्वामी आत्मानंद महावि...
नारायणपुर (छ.ग.)

Paid and Cancelled

PRINCIPAL

In words........................................

Signature

(5)

केश/क्रेडिट मेमो MO. 9407692849

# पप्पू पटेल फलवाला

फलों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता

राजीव चौक, मेन रोड, नारायणपुर (छ.ग.)

क्रमांक 296 दिनांक 24-9-25

नाम प्राचार्य शा. स्वामी आ. महा. नारायणपुर

पता NSS (RRC)

| विवरण | मात्रा | दर | रकम |
|---|---|---|---|
| 1) केला | 4 दर्जन | 70 | 280/- |
| 2) अंगूर | 2 kg | 150 | 300/- |
| 3) सेब | 1 1/2 kg | 200 | 300/- |
| | | योग | 880/- |

Passed for Payment of Rs. 880/-
(रूपये आठ सौ अस्सी मात्र)

PRINCIPAL
Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी आत्मानंद महावि.
नारायणपुर (छ.ग.)

Paid and Cancelled

PRINCIPAL
College Narayanpur

भूल-चूक लेना-देना।
बिका हुआ माल वापस नहीं होगा।

हस्ताक्षर

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

केश/क्रेडिट मेमो

# Jain Bandhu Traders

BUdhwari Bazar Road Dist -Narayanpur (C.G.)

Bill NO. 138 Date 12-10-25

shri/shrimti. श्री स्वामी आ० रजा० महा०

Add. नारायणपुर NSS (RRC)

| particular | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|
| ① रंगोली | 10 kg | 30/- | 300/- |
| ② ड्राइंगसीट | 15 नग | 10 | 150/- |
| ③ स्केचपेन | 15 नग | 20 | 300/- |
| ④ डायरी | 3 नग | 100 | 300/- |
| ⑤ पेन | 10 नग | 10 | 100/- |
| | | Total | 1150/- |

1150/- (रुपये एक हजार एक सौ पचास मात्र)

Passed for Payment of Rs.

PRINCIPAL
Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

Paid and Cancelled

In words

PRINCIPAL

Signature

(7)


Cash/Credit Memo

Mob. 9406199284, 9111314126

RK General Store & Session Collection

Sahid Chowk Kumharpara Narayanpur (C.G.)


No. 373 Date. 13-10-25

Name: प्राचार्य शा. स्वामी आत्मानंद PG

Address: कॉलेज नारायणपुर NSS (RRC)

| Description | Qty. | Rate | Amount |
|---|---|---|---|
| 1) मिक्चर | 3 kg | 120 | 360/- |
| 2) बिस्किट | 3 पै | 130 | 390/- |
| 3) चायपत्ती | 5 पै | 10 | 50/- |
| 4) शक्कर | 1 kg | 48 | 48/- |
| 5) नाश्ता प्लेट | 3 पै | 40 | 120/- |
| 6) डिस्पोजल कप | 3 पै | 25 | 75/- |
| | | Total | 1173/- |

Passed for Payment of Rs. 1173/- (रुपये एक हजार एक सौ तिहत्तर मात्र)

PRINCIPAL
G.A. Swami Atmanand PG College
Narayanpur Dist Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय
नारायणपुर (छ.ग.)

In words ........

Paid and Cancelled

Signature

PRINCIPAL

केश/क्रेडिट मेमो Mo.- 9630399955 (8)

# साहू समोसा एवं जलेबी सेन्टर

चाँदनी चौक नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

प्रो.-प्रेमचन्द साहू

क्रमांक 51 दिनांक 01-12-25

नाम प्राचार्य श्री स्वामी आत्मानंद स्ना.

पता महा. नारायणपुर NSS (RRC)

| विवरण | तादाद | दर | राशि |
|---|---|---|---|
| ① समोसा | 35 प्लेट | 25 | 875/- |
| ② जलेबी | 1½ kg | 200 | 300/- |
| ③ नाश्ता प्लेट | 2 पै | 35 | 70/- |
| | | कुल राशि | 1245/- |

Passed for Payment of Rs. 1245/-

(रुपये एक हजार दो सौ पैंतालीस मात्र)

PRINCIPAL
Swami Atmanand. P.G. College
Narayanpur Distt Narayanpur
Chhattisgarh

Paid by me

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)

Paid and Cancelled

भूल चूक लेनी देनी।

PRINCIPAL
Govt. College Narayanpur

हस्ताक्षर

**शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर, छत्तीसगढ़, 494661**

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़, भारत से संबद्ध

यूजीसी अधिनियम की धारा 2f और 12B के तहत पंजीकृत

Phone - 07781-252755, Email - narayanpurcollege@gmail.com, Website – www.gdcnarayanpur.com

# प्रतिवेदन

**रेड रिबन क्लब (RRC) उन्मुखीकरण कार्यक्रम** **दिनांक – 10 सितंबर 2025**

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रेड रिबन क्लब (RRC) के अंतर्गत दिनांक 10 सितंबर 2025 को उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक बनाना, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करना तथा उनमें सामाजिक सेवा एवं जनजागरूकता की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि श्री अरुण कुमार शुक्ला सर ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रेड रिबन क्लब केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता, मानवता एवं संवेदनशीलता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को रक्तदान, स्वच्छता, नशामुक्ति तथा सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्मुखीकरण सत्र में स्वयंसेवकों को रेड रिबन क्लब की कार्यप्रणाली, उद्देश्य, वार्षिक गतिविधियों एवं उनकी जिम्मेदारियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया। विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को समाज में जागरूकता अभियान चलाने एवं जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने, भेदभाव रहित व्यवहार अपनाने एवं सेवा भावना से समाज के हित में कार्य करने की शपथ ली। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम से विद्यार्थियों में उत्साह, जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई। कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सफल रहा।

**रक्तदान शिविर** **दिनांक 17 सितंबर 2025**

जिला अस्पताल नारायणपुर एवं शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रेड रिबन क्लब (RRC) के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर 2025 को नारायणपुर शहर के ऑडिटोरियम में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ। जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा रक्तदान की संपूर्ण प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। रक्तदान से पूर्व सभी दाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया, जिससे सुरक्षित रक्तदान सुनिश्चित हो सका।

शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान "रक्तदान – महादान" का संदेश प्रसारित किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि रक्तदान न केवल दूसरों का जीवन बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

इस आयोजन से विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवता के प्रति संवेदनशीलता का विकास हुआ। रेड रिबन क्लब का यह प्रयास अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं समाजोपयोगी सिद्ध हुआ।

**स्वास्थ्य जांच शिविर** **दिनांक 24 सितंबर 2025**

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर के रेड रिबन क्लब (RRC) द्वारा दिनांक 24 सितंबर 2025 को महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व को समझाना था।

शिविर में जिला अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा प्रतिभागियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें रक्तचाप, शुगर लेवल, हीमोग्लोबिन, वजन, नेत्र जांच एवं अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। जांच के उपरांत चिकित्सकों ने प्रतिभागियों को उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं सुझाव भी प्रदान किए।

विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। साथ ही एनीमिया, कुपोषण एवं अन्य सामान्य बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस स्वास्थ्य जांच शिविर से महाविद्यालय परिवार में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी तथा सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिली। रेड रिबन क्लब का यह आयोजन अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं सफल सिद्ध हुआ।

**एड्स जागरूकता अभियान** **दिनांक 13 अक्टूबर 2025**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रजत जयंती सप्ताह (11 से 17 अक्टूबर) के अंतर्गत शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर के रेड रिबन क्लब (RRC) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को एड्स जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करना तथा सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचाव, जांच एवं उपचार संबंधी संदेश प्रस्तुत किए। इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में विषय के प्रति समझ एवं संवेदनशीलता विकसित हुई।

इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नारों एवं स्लोगनों के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। "जागरूकता ही बचाव है" एवं "एड्स से डरें नहीं, सावधानी बरतें" जैसे संदेशों से आमजन को जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, NSS के स्वयंसेवकों द्वारा आसपास के विद्यालयों में जाकर भी विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय एवं सामाजिक भेदभाव से बचने की जानकारी दी तथा प्रश्नोत्तर के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इससे विद्यालय स्तर पर भी स्वास्थ्य जागरूकता का सकारात्मक प्रसार हुआ।

इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वास्थ्य के प्रति सजगता का विकास हुआ। रेड रिबन क्लब एवं NSS इकाई का यह प्रयास अत्यंत प्रभावी, प्रेरणादायक एवं सफल सिद्ध हुआ।

**विश्व एड्स दिवस** **दिनांक 01 दिसंबर 2025**

शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर के रेड रिबन क्लब (RRC) द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर दिनांक 01 दिसंबर 2025 को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इससे संबंधित भ्रांतियों को दूर करना तथा भेदभाव रहित समाज निर्माण का संदेश देना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संतोष कुमार राव उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने तथा एचआईवी/एड्स से संबंधित सही जानकारी समाज तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है और युवा वर्ग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

मुख्य वक्ता के रूप में श्री हंसराज भाषगौरी ने एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करते हुए इस रोग से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों एवं भेदभाव को समाप्त करने पर बल दिया। साथ ही सुरक्षित जीवनशैली एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता संगोष्ठी, शपथ ग्रहण एवं रेड रिबन प्रतीक के माध्यम से एकजुटता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

यह आयोजन अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सफल रहा, जिसने विद्यार्थियों में सेवा भावना, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किया।

नोडल अधिकारी
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय जिला नारायणपुर

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.स्वामी आत्मानंद महावि
नारायणपुर (छ.ग.)

प्राचार्य
शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर
महाविद्यालय जिला नारायणपुर

PRINCIPAL
Govt. Swami Atmanand P.G. College
Narayanpur Distt. Narayanpur
Chhattisgarh

**शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर, छत्तीसगढ़, 494661**

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़, भारत से संबद्ध

यूजीसी अधिनियम की धारा 2f और 12B के तहत पंजीकृत

Phone - 07781-252755, Email - narayanpurcollege@gmail.com, Website – www.gdcnarayanpur.com














**शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर, छत्तीसगढ़, 494661**

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़, भारत से संबद्ध

यूजीसी अधिनियम की धारा 2f और 12B के तहत पंजीकृत

Phone - 07781-252755, Email - narayanpurcollege@gmail.com, Website – www.gdcnarayanpur.com











# शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर, छत्तीसगढ़, 494661

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़, भारत से संबद्ध

यूजीसी अधिनियम की धारा 2f और 12B के तहत पंजीकृत

Phone - 07781-252755, Email - narayanpurcollege@gmail.com, Website – www.gdcnarayanpur.com











